समय-1.30 घण्टे **कक्षा-XI** पूर्णांक-90

विषय-सामान्य एवं साहित्यिक हिन्दी

नोट-सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए। 10

(क) पथ के साथी की रचना विधा है।

(अ) कहानी (ब) जीवनी (स) आत्मकथा (द) संस्मरण

(ख) रिपोर्ताज लिखने का प्रचलन किस युग में हुआ-

(अ) द्विवेदी (ब) छायावादी (स) छायावादोत्तर (द) भारतेन्दु

(ग) मुंशी प्रेमचन्द का जन्मकाल है-

(अ) 1870 (ब) 1875 (स) 1880 (द) 1879

(घ) हरखू पात्र किस कहानी से संबंधित है-

(अ) बलिदान (ब) आकाश दीप (स) प्रायश्चित (द) समय

(ङ) गोस्वामी तुलसीदास के बचपन का नाम था-

(अ) तुकाराम (ब) आत्माराम (स) सीताराम (द) रामबोला

(च) हिन्दी का प्रथम कवि माना जाता है-

(अ) गोरखनाथ (ब) चन्दबरदाई (स) जगनिक (द) सरहपा

(छ) पल्लव के रचयिता है-

(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) दिनकर (स) निराला (द) रामकुमार वर्मा

(ज) विनय पत्रिका के रचयिता हैं-

(अ) सूरदास (ब) कबीरदास (स) तुलसीदास (द) जायसी

(झ) वीरगाथा काल के कवि है-

(अ) सूरदास (ब) भूषण (स) केशव (द) चन्दबरदाई

(ञ) रीतिकाल का अन्य नाम है।

(अ) स्वर्णकाल (ब) उत्थानकाल (स) श्रृंगारकाल (द) संक्रान्तिकाल

2. गद्यांश को पढ़कर उनके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए। 15

हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी है। यद्यपि फर्स्ट क्लास सेकेण्ड क्लास आदि गाड़ी बहुत अच्छी-अच्छी और बड़े-बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगी है। पर बिना इंजन सब नहीं चल सकती, वैसे ही हिन्दुस्तानी लोगों को कोई

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

चलाने वाला हो तो ये क्या नहीं कर सकते। इनसे इतना कह दीजिए का चुप साधि रहा बलवाना' फिर देखिए हनुमान जी का अपना बल कैसे याद आता है। सो बल कौन याद दिलावे

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ख) प्रस्तुत गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) लेखक ने हिन्दुस्तानियों को किसके सदृश बताया है?

(घ) 'का चुप साधि रहा बलवाना' इस कथन से लेखक का क्या आशय है?

(ङ) लेखक ने हनुमान जी को किसका प्रतीप बताया है?

. पद्यांश को पढ़कर उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 15

दीपक दीया तेज भरि बाती दई अघट्ट।
पूरा किया बिसाहुणाँ बहुरि न आवौं हट्ट।।

(क) उपरोक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) प्रस्तुत दोहे में कौन-सा अलंकार है?

(घ) गुरू ने भक्त को किस प्रकार का दीपक दिया है?

(ङ) सद्गुरू द्वारा दिये गये दीपक में किस प्रकार का तेल भरा है?

श्लोक का सन्दर्भ हिन्दी अनुवाद कीजिए।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव। 25

. अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

(क) समीक्षा और आलोचना में क्या अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ख) गद्य और पद्य में क्या अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) निगुर्ण भक्ति शाखा की दो प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) भक्ति काल के चार प्रमुख कवियों के नाम बताइए।

(ङ) हिन्दी पद्य साहित्य के इतिहास के विभिन्न कालों के नाम लिखिए। 10

5. लघु उत्तरीय प्रश्न -

(क) निम्न में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए।

(अ) हरिश्चन्द्र (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी (स) सरदार पूर्णसिंह

(ख) निम्न में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए।

(अ) कबीरदास (ब) तुलसीदास (स) सूरदास

❖❖❖

https://www.upboardonline.com